भारत सरकार
खान मंत्रालय
भारतीय खान ब्यूरो
क्षेत्रीय खनिज प्रसंस्करण
प्रयोगशाला व प्रायोगिक संयंत्र,
अजमेर, माखुपुरा औद्योगिक क्षेत्र
rmpl.ajmer@ibm.gov.in

Government of India
Ministry of Mines
Indian Bureau of Mines
Regional Mineral Processing Lab. & Pilot Plant, Ajmer
Makhupura Industrial Area
0145-2695163

संख्या:ई-9822/ई-11017/5/2024-आरएमपीएल_अजम-आईबीएम दिनांक /07/2026

सेवामें,

राजभाषा अधिकारी,
भारतीय खान ब्यूरो
इन्दिरा भवन, सिविल लाईन्स
नागपुर – 440001

विषय : विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 120 वीं बैठक के कार्यवृत्त व अनुवर्ती कार्रवाई के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि क्षेत्रीय खनिज प्रसंस्करण प्रयोगशाला एवं प्रायोगिक संयत्र अजमेर की विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 01/07/2026 को सांयकालीन 04.00 बजे अयस्क प्रसाधन अधिकारी एवं कार्यालय प्रभारी अधिकारी, श्री होम प्रकाश की अध्यक्षता में उनके कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित अधिकारी एंव कर्मचारी उपस्थित हुए -

क्र. सं.	अधिकारी व कर्मचारी का नाम	पद
1.	श्री होम प्रकाश	अयस्क प्रसाधन अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी, अध्यक्ष
2.	डॉ. मोहना राव अंडवरापु	उप अयस्क प्रसाधन अधिकारी, सदस्य
3.	श्री सुनील कुमार गुप्ता	रसायनज्ञ, सदस्य
4.	श्री गोपाल तुलशीदास डवरे	सहायक अयस्क प्रसाधन अधिकारी,सदस्य
5.	डॉ. बहुला वर्मा	सहायक अनुसंधान अधिकारी एवं पुस्तकालय प्रभारी, सदस्य
6.	डॉ. संदीप कुमार	सहायक रसायनज्ञ एवं भंडार प्रभारी,सदस्य
7.	श्री अमितकुमार अकालु यादव	सहायक रसायनज्ञ एवं प्रशासन प्रभारी, सदस्य
8.	डॉ. संजीत कुमार सुमन	सहायक अनुसंधान अधिकारी एवं हिंदी सम्पर्क अधिकारी, सदस्य सचिव
9.	सुश्री नेहा नरवल	कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, सदस्य सचिव

1. बैठक के प्रारम्भ में कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी एवं सदस्य सचिव द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं सभी सदस्यों का स्वागत किया गया।
2. समिति द्वारा पिछली बैठक के कार्यवृत्त की मदवार समीक्षा तथा पुष्टि की गई।
3. अध्यक्ष महोदय द्वारा कार्यालय की राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्ट हेतु आँकड़े संकलन एवं प्रेषण की प्रक्रिया की जानकारी सभी प्रभाग प्रभारियों से प्राप्त की गई। इस संबंध में अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देश दिए गए कि सभी प्रभाग प्रत्येक तिमाही के हिंदी संबंधी आँकड़े निर्धारित प्रपत्र

में संबंधित तिमाही की समाप्ति के पश्चात अगले माह की 5 तारीख तक हिंदी अनुभाग को उपलब्ध कराएँ। (कार्रवाई – सभी प्रभाग प्रभारी)

4. अध्यक्ष महोदय द्वारा कार्यालय में जारी किए गए व्यक्तिशः आदेशों की जानकारी ली गई व हिंदी ज्ञान संबंधी घोषणा पत्र के सुगम संकलन हेतु निर्णय लेते हुए निर्देश दिया गया कि कार्यालय में नव कार्मिकों की नियुक्ति व कार्यग्रहण के समय के दस्तावेजों में ही हिंदी ज्ञान संबंधी घोषणा पत्र भी शामिल किया जाये तथा हस्ताक्षरित पत्र हिंदी अनुभाग को उपलब्ध कराया जाएं। (कार्रवाई – प्रशासन प्रभारी/ राजभाषा अनुभाग)
5. कार्यालय में मासिक हिंदी पत्रिका की खरीदी में रोजगार समाचार को शामिल किये जाने पर चर्चा की गई व अध्यक्ष महोदय द्वारा इस पर कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये। (कार्रवाई – पुस्तकालय प्रभारी)
6. बैठक में अध्यक्ष महोदय द्वारा कार्यालय के अनुभागों के निरीक्षण हेतु निरीक्षण प्रश्नावली सभी अनुभागों को उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिए गए। (कार्रवाई – राजभाषा अनुभाग)

अन्त में सदस्य सचिव द्वारा सभी सदस्यों को धन्यवाद देने के साथ बैठक समाप्ति की घोषणा की गई।

संलग्न बैठक तस्वीर:

भवदीय

Digitally signed by
Hom Prakash
Date: 07-07-2026
14:43:54

(होम प्रकाश)
अयस्क प्रसाधन अधिकारी
क्षेत्रीय खनिज प्रसंस्करण प्रयोशाला,
भारतीय खान ब्यूरो, अजमेर

प्रतिलिपि सूचनार्थ: 1. उप निदेशक (कार्यान्वयन) उत्तरी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय-I (दिल्ली)
गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, तृतीय तल, त्रिकुट-2, भीकाजी कामा प्लेस, आर.के. पुरम,
नई दिल्ली-110066
2. राजभाषा अधिकारी, हिंदी अनुभाग, भारतीय खान ब्यूरो, नागपुर।
3. नगर राजभाषा कार्यांवयन समिति, अजमेर।
4. बैठक के समस्त सदस्य।